## खास-खबरें

### अंबेडकर एवं जलियांवाला बाग दिवस पर काव्यगोष्ठी संपन्न



**सीहोर।** अखिल भारतीय साहित्य परिषद के बैनर तले डॉ. भीमराव अंबेडकर एवं जलियांवाला बाग दिवस पर विचार एवं काव्यगोष्ठी का आयोजन किया गया । कार्यक्रम की अध्यक्षता गीतकार विनोद पंसारी ने की ।

मुख्य अतिथि शहर के जाने-माने शिशु रोग विशेषज्ञ साहित्यकार डॉ. एस.आर गट्टानी रहे। विशेष अतिथि गीतकार हरिओम शर्मा दाऊ रहे । माँ सरस्वती एवं बाबा साहेब के चित्र के सम्मुख दीप प्रचलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया ।सरस्वती वंदना कवि गोविंद लोवानिया ने प्रस्तुत की। कार्यक्रम का संचालन कवि आदित्य हरी गुप्ता ने किया। अतिथियों का स्वागत पुष्प माला पहनाकर अखिल भारतीय साहित्य परिषद के जिला अध्यक्ष डॉ. विजेंद्र जायसवाल ने किया। साथ ही परिषद के उपाध्यक्ष पंडित हीरालाल शर्मा जी का जन्मदिन शाल, श्रीफल एवं सम्मान पत्र भेंट कर धूमधाम से मनाया गया। सभी साहित्यकारों ने उन्हें जन्मदिन की बधाइयां दी। इस अवसर पर काव्य पाठ करने वाले कवियों में हरिओम शर्मा दाऊ ,विनोद पंसारी, द्वारका बांसुरिया, धर्मराज देशराज, हीरालाल शर्मा, लक्ष्मण सिंह चौकसे ,जोरावर सिंह ,गोविंद लोवानिया डॉ. विजेंद्र जायसवाल ,कुमकुम शर्मा आदि रहे । अंत में कार्यक्रम का आभार परिषद महामंत्री लक्ष्मण सिंह चौकसै ने माना।

### 15 पर्यवेक्षकों का रोका वेतन

**विदिशा ( निप्र )।** महिला एवं बाल विकास विभाग अंतर्गत टीएचआर वितरण में पोषण ट्रेकर एप में फेस कैप्चर में फेस रिकगनिशन सिस्टम में समुचित एंट्री 60 प्रतिशत से कम दर्ज करने वाली 15 पर्यवेक्षकों का वेतन रोकने की कार्यवाही की गई है। इनमें कुरवाई, लटेरी, नटेरन, सिरोंज, विदिशा (शहरी) के पर्यवेक्षक शामिल हैं।

### लापरवाही से ऑटो चलाकर टक्कर मारने वाले अपराधी को 3 माह की सजा

**विदिशा ( निप्र )।** न्यायालय सुश्री नंदिनी शुक्ला न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी ने तेजी व लापरवाही से ऑटो चलाकर, टक्कर मारकर चोट पहुंचाने वाले अपराधी मलखान मैथिल उम्र 28 वर्ष, निवासी विदिशा को 3 माह कारावास की सजा तथा मोटर व्हीकल एक्ट की अन्य धाराओं में 4500 रू. अर्थदण्ड से दण्डित किया।

अभियोजन के अनुसार अभियोगी दिनांक 09.08.2017 को अपनी बहिन के बच्चे का मुण्डन कराने मोटरसाइकिल से विदिशा में बेतवा नदी जा रहा था। जैसे ही वह श्रीरामलीला रोड पर सामान लेने के लिए रूका, उसकी बहिन रोड किनारे खड़ी थी, तभी करीब 3:30 बजे एक बिना नंबर का हमसफर लोहिया का ऑटो विदिशा तरफ से तेज गति व लापरवाही से चलाकर लाया और उसकी बहिन को टक्कर मार दी। टक्कर लगने से उसकी बहिन रोड पर गिर गई और उसके बाएं पैर में चोट आई।

### प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना अन्तर्गत 47.40 किलोमीटर लंबाई के 36 मार्ग प्रस्तावित, जिले के 39 ग्राम होंगे लाभान्वित

**विदिशा ( निप्र )।** प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना फेज-4 के अंतर्गत विधि से जिले के विदिशा और बासौदा विधानसभा क्षेत्र में 47.40 किलोमीटर की लंबाई के 36 मार्ग प्रस्तावित किए गए हैं। मध्यप्रदेश ग्रामीण सड़क विकास प्राधिकरण, क्रियान्वयन इकाई एक के कार्यालय प्रबंधक द्वारा बताया गया कि इस योजना के फेस-4 अन्तर्गत विदिशा और बासौदा विधानसभा क्षेत्रान्तर्गत विकासखण्ड विदिशा में 11 मार्ग लंबाई 9.68, ग्यारसपुर 16 मार्ग लंबाई 25.41 कि.मी. एवं बासौदा में 9 मार्ग लंबाई 12.31 कि.मी. कुल 36 मार्ग प्रस्तावित किए गए हैं जिनकी कुल अनुमानित लंबाई 47.40 कि.मी. है। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना फेज 4 तहत प्रस्तावित किए गए इन 36 मार्गो के बन जाने से क्षेत्र के लगभग 39 ग्राम लाभान्वित होंगे।

### श्रम मंत्री करेंगे सामूहिक श्रमदान में भागीदारी

**गंजबासौदा।** नगर पालिका द्वारा जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत आज अप्रैल को प्रात: 9.00 बजे से पलोड पेट्रोल पंप के पास पाराशरी नदी में सामूहिक श्रमदान कार्यक्रम आयोजित किया गया है। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पंचायत एवं ग्रामीण विकास श्रम मंत्री प्रहलाद पटेल प्रमुख रूप से उपस्थित होंगे। जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता क्षेत्रीय विधायक हरि सिंह रघुवंशी करेंगे और विशेष अतिथि के रूप में कुरवाई विधायक हरि सिंह सप्रे नगर पालिका गंजबासौदा अध्यक्ष श्रीमती शशि अनिल यादव, जनपद पंचायत अध्यक्ष नीतू रघुवंशी मौजूद रहेगी। पंचतत्व संरक्षण समिति ने समस्त नागरिकों ,जनप्रतिनिधियों और गणमान्य नागरिकों से उक्त कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने की अपील की है।

# आज किया जाएगा शिव शक्ति दिव्य अनुष्ठान, यज्ञशाला का निर्माण




**सीहोर। शिव प्रदोष सेवा समिति के तत्वाधान में एक माह तक आयोजित होने वाले शिव शक्ति दिव्य अनुष्ठान वैशाख महापर्व की तैयारियां पूर्ण की गई है। यहां पर होने वाले शिव शक्ति दिव्य अनुष्ठान के लिए भव्य यज्ञशाला का निर्माण किया है।** इसमें प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु प्रतिदिन वेद मंत्रों के साथ आहुतियां देंगे।

गत दिनों शहर के सीवन नदी के तट पर स्थित हनुमान मंदिर पर भगवान शिव परिवार की पूजा अर्चना की गई और इसके पश्चात महायज्ञ की तैयारियों के तहत ध्वज पूजन का कार्यक्रम आयोजित किया गया। यज्ञाचार्य पंडित पवन व्यास, कुणाल व्यास, विधि-विधान से गणेश पूजन किया। इसके बाद मंत्रोच्चारण के साथ ध्वज और भूमि पूजन संपन्न हुआ।

इस मौके पर यजमान अमित सोनी, गोपाल बाबा आदि को पंडित कार्तिक ने वेद मंत्रों के साथ यहां पर उपस्थित श्रद्धालुओं के साथ ध्वजारोहण किया गया। रविवार को यहां पर पहुंचे पार्षद राजेश मांझी ने नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर से गोपाल धाम पर एक हजार लीटर पानी की टंकी के अलावा अन्य समस्याओं के बारे में चर्चा की। इस मौके पर नगर पालिका अध्यक्ष श्री राठौर ने समस्याओं का तत्काल निराकरण भी किया है।

जलधारा से किया जाएगा नियमित रूप से अभिषेक = शिव प्रदोष सेवा समिति की ओर से मनोज दीक्षित मामा ने बताया कि भगवान शिव ने जन कल्याण के लिए समुद्र मंथन से निकला जहर पिया था। उस जहर की गर्मी से उनका शरीर नीला हो गया। उस गर्मी को कम करने के लिए ही शिवलिंग पर जल चढ़ाने की परंपरा है। वैशाख महीने में गर्मी बहुत बढ़ जाती है। इसलिए इस महीने में खासतौर से शिवालयों में जल दान का विधान है। यही वजह है कि शिव मंदिरों में भगवान भोलेनाथ के ऊपर जलधारा के लिए पानी से भरी मटकी में छेद कर कुशा लगाई जाती है जिससे लगातार शिवलिंग पर जल टपकता रहे। स्कंद और शिव पुराण के मुताबिक वैशाख महीने में सूर्योदय से पहले उठकर नहाने के बाद शिवलिंग पर जल चढ़ाने का विधान बताया है। इसके लिए तांबे के लोटे में साफ पानी या तीर्थ का जल भरें। उसमें गंगाजल की कुछ बूंदे और सफेद फूल डालें। शिवालय जाकर ये जल शिवलिंग पर चढ़ा दें। ऐसा करने से जाने-अनजाने में हुए हर तरह के पाप, रोग, शोक और दोष दूर हो जाते हैं। पुराणों में शिव पूजा के लिए वैशाख का महत्व पुराणों में बताया गया है कि श्रावण से पहले वैशाख महीने में भी शिव की विशेष आराधना करनी चाहिए। वैशाख में तेज गर्मी पड़ती है, इसलिए शिव पर जलधारा लगाई जाती है। वैशाख महीने के दौरान तीर्थ स्नान और दान का भी विशेष महत्व बताया गया है। इस महीने में पशु-पक्षियों को भी जल पिलाने की व्यवस्था किए जाने की परंपरा है। जिसका विशेष पुण्य फल मिलता है।

# अखण्ड रामायण पाठ में बड़ी संख्या में शामिल हुए श्रद्धालु, देर रात तक चलता रहा भंडारा

### हनुमान जन्मोत्सव पर संकटमोचन हनुमान मंदिर में हुए आयोजन



**सीहोर।** शहर के सीवन स्काई सिटी के नजदीक विश्वनाथपुरी में स्थित प्रसिद्ध श्री संकटमोचन हनुमान मंदिर पर हनुमान जन्मोत्सव पर विशाल भण्डारा किया गया जिसमें हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसादी ग्रहण की, इस अवसर पर हनुमान जी का विशेष श्रृंगार किया गया था।

इसके साथ ही मंदिर में एक दिन पूर्व से जारी अखण्ड रामायण के पाठ के पश्चात हवन एवं कन्या भोज भी सम्पन्न हुआ। सायंकाल मंदिर में महाआरती का आयोजन भी किया गया। इस अवसर पर विशेष रूप से सुप्रसिद्ध श्री रामकथा वाचक श्रीश्री 1008 महंत श्री उद्धवदास जी त्यागी महाराज श्रीराम कुटी आश्रम सीहोर भी उपस्थित रहे। श्री संकटमोचन हनुमान मंदिर पर हनुमान जन्मोत्सव पर भगवान का अदभुत श्रृंगार किया गया और खड़े हुए भगवान की प्रतिमा ने सभी भक्तों को बैठी हुई मुद्रा में अदभुत और अलौकिक दर्शन दिए, सभी श्रद्धालुओं के लिए यह सुखद आश्चर्य था। सभी ने भगवान के श्रृंगार के मंत्रमुग्ध होकर दर्षन किये। इसके पूर्व मंदिर में शुक्रवार से शुरू हुई अखण्ड रामायण का पाठ भी पूर्ण हुआ जिसके पश्चात पूर्णाहुति हवन किया गया। सायंकाल हनुमान जी की महाआरती की गई जिसमें बडी संख्या में श्रद्धालुगण उपस्थित रहे। मंदिर में आयोजित भण्डारा देर रात तक चलता रहा, सुव्यवस्थित ढंग से आयोजित भण्डारे में श्रद्धालुओं ने पूर्ण श्रद्धा के साथ प्रसादी ग्रहण की, भण्डारे में शहर के अनेक क्षेत्रों के श्रद्धालुओं ने आकर प्रसादी ग्रहण की। हनुमान जी के विशेष श्रृंगार के लिए मंदिर पुजारी पं. निर्मल शर्मा की प्रेरणा से युवा कलाकारों हर्ष शर्मा, नमन मालवीय, चंद्रप्रताप ठाकुर, शिवांश शुक्ला, शुभम मालवीय, सतीश विश्वकर्मा, जीत वर्मा का सराहनीय योगदान रहा। नौ दिवसीय श्री रामकथा एवं विशाल भण्डारे के सफल आयोजन के लिए मंदिर समिति के संरक्षक अनारसिंह चौहान, रामलाल चौधरी, माखनसिंह चौहान, अमित नीखरा, पुजारी पंडित निर्मल शर्मा, मंदिर समिति के अध्यक्ष महेन्द्रसिंह चौहान, कथा समिति के अध्यक्ष कमलसिंह ठाकुर, उपाध्यक्ष ओमप्रकाश शर्मा, राहुल वर्मा, गोपालदास अग्रवाल, कोषाध्यक्ष किशन राठौर, सह सचिव संजय भावसार, मीडिया प्रभारी आनंद अग्रवाल, संगठन मंत्री पंकज ठाकुर, मुकेश भावसार, संतोष परमार, मुकेश मंडलोई, घनश्याम बुन्देला शुभम मालवीय, निहाल कचनेरिया, चंद्रपकाश ठाकुर, प्रियांशु राठौर, निमित प्रजापति, अनुज अग्रवाल, आशीष बुन्देला, अंशु चौहान, सुजय मंडलोई सहित सभी धर्मप्रेमी जनों का आभार व्यक्त किया है।

## चौरावर पहुंच मार्ग के बदतर हाल



**गंजबासौदा।** नगर सीमा से लगे हुए ग्राम चौरावर के पहुंच मार्ग की बदतर स्थिति लंबे अरसे से चली आ रही है कर्मा देवी चौराहा से आगे पचमा बाईपास से जाने वाले चोरावर पहुंच मार्ग में पानी जमा रहता है दोनों ओर कच्ची नालियां हैं बस्ती का निस्तारी पानी वहां जमा होता रहता है बासोदा से पचमा सड़क के पास आकर पानी रुक जाता है इस संबंध में अनेक बार प्रशासन को सूचित किया परंतु कोई सकारात्मक कार्रवाई नहीं हो पाई है जबकि यहां से चौरावर के लिए दिनभर सैकड़ो वाहनों की आवाजाही होती है इसी मार्ग पर स्कूल और आंगनबाड़ी केंद्र तथा विद्युत मंडल है लेकिन सड़क की हालत बहुत चिंताजनक है हमेशा पानी भरा रहता है नौनिहालों को स्कूल या आंगनबाड़ी तक जाने में बड़ी परेशानी का सामना करना पड़ता है। यह स्थान चौरावर और पचमा ग्राम पंचायतों का क्षेत्र है।

# सारस्वत ब्राह्मण समाज महिला प्रकोष्ठ ने शुरू किया परिंडा अभियान

### गर्मी को देखते हुए शहर में कई जगह पर रखेंगे सकोरे



**मंदसौर।** भीषण गर्मी के चलते कई पक्षी रोज दम तोड़ रहे हैं ।पानी के अभाव में किसी पक्षी की मृत्यु न हो,इसी सोच के साथ सारस्वत ब्राह्मण समाज महिला प्रकोष्ठ की ओर से हीरा की बगीची से परिंडा अभियान का शुभारंभ किया गया।

सारस्वत ब्राह्मण समाज के प्रवक्ता स्वप्निल ओझा ने बताया कि इस अभियान का उद्देश्य गर्मी के मौसम में पक्षियों के लिए जल की व्यवस्था करना है ।जिसमें समाज की महिलाएं न केवल अपने घर बल्कि और भी उपयुक्त जगह पर सकोरे रखेंगी ताकि पक्षियों को पीने के पानी की कमी महसूस न हो।

इस अवसर पर सारस्वत महिला मंडल की अध्यक्ष साधना तुगनावत ने कहा कि यह अभियान प्रकृति और जीव-जंतुओं के प्रति हमारी जिम्मेदारी का प्रतीक है। भीषण गर्मी में पक्षियों को जल उपलब्ध कराना मानवता का एक छोटा लेकिन अत्यंत महत्वपूर्ण कदम है।

परिंडे लगाकर हम न सिर्फ पर्यावरण संरक्षण में योगदान दे रहे हैं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों को भी एक संवेदनशील सोच प्रदान कर रहे हैं। इस अवसर पर सारस्वत ब्राह्मण समाज महिला मण्डल की सुधा शुक्ला, शारदा जोशी , रेखा बोहरा, चित्रा उपाध्याय ,अर्चना व्यास, अर्चना उपाध्याय , विनीता आचार्य और दीप्ति व्यास ने परिंदों के लिए परिंडे लगाएँ ।सारस्वत ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष राकेश आचार्य पिंकल,संरक्षक दिलीप शर्मा,सचिव प्रवीण व्यास सहित समाजजन उपस्थित थे।

## सहकारिता सम्मेलन में बरेली को मिली बड़ी उपलब्धि



**बरेली।** भोपाल के रविंद्र भवन में आज सहकारिता सम्मेलन का आयोजन हुआ जिसमें देश के गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे।

मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव मध्य प्रदेश के सहकारिता मंत्री विश्वास सारंग समस्त कैबिनेट मंत्री भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बीडी शर्मा सहित सहकारिता क्षेत्र की दिग्गज हस्तियां एवं अधिकारी गण उपस्थित रहे इस अवसर पर बरेली क्षेत्र की घाट पिपरिया सेवा सहकारी समिति को पूसा बासमती धान खरीदने के लिए सी पीपीपी के अंतर्गत अनुमोदित किया गया। इस संबंध का निष्पादन समिति के प्रबंधक भास्कर शर्मा एवं मजेस्टिक समिति के प्रबंध संचालक श्री विज्ञान लोढ़ा के बीच अनुबंध हुआ। इस अनुबंध से क्षेत्र के किसानों में हर्ष व्याप्त है क्योंकि उन्हें अपनी पूसा बासमती का उचित दाम प्राप्त होने लगेगा। क्षेत्र के किसानों द्वारा केंद्रीय सहकारिता मंत्री सेवा अमित शाह मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव जी एवं सहकारिता मंत्री का धन्यवाद किया गया।

### प्राथमिक एवं माध्यमिक शालाएं सुबह साढ़े सात से साढ़े 12 बजे तक खुलेंगी

**बरेली।** ग्रीष्म ऋतु के तापमान में वृद्धि होने के कारण विद्यार्थियों के स्वास्थ्य के प्रतिकूल प्रभाव को दृष्षित रखते हुए शाला संचालन समय परिवर्तन के संबंध में निम्नानुसार दिशा-निर्देश प्रसारित किये जाते है। समस्त शासकीय/ अशासकीय/ नवोदय विद्यालय/ सीबीएसई शैक्षणिक संस्थाओं में कक्षा 1 से 12 तक के विद्यार्थियों के लिए आगामी आदेश तक शाला संचालन के समय में परिवर्तन कर प्रात: 7.30 बजे से दोपहर 12.00 बजे तक नियत किया जाता है। दो पालियों में संचालित होने वाले विद्यालयों का समय यथावत रहेगा। 3- परीक्षाओं का संचालन निर्धारित समय-सारणी अनुसार रहेगा।

# पराक्रमी योद्धा राणा सांगा की जन्म जयंती मनाई

### शौर्य व बलिदानों से भरा पड़ा है राजपूतों का इतिहास : अमित पटेल



**बरेली।** आदर्श युवा पुर्विया राजपूत समाज जागृति समिति के कार्यालय बरेली में देश के परम योद्धा क्षत्रिय शिरोमणी वीर राणा सांगा की जन्म जयंती मनाई गई। इस कार्यक्रम में समिति के अध्यक्ष जगदीश सिंह ठाकुर, समिति के पूर्व अध्यक्ष ठाकुर अमित सिंह पटेल भिलाड़िया के साथ अन्य लोगों के द्वारा अपराजेय योद्धा राणा सांगा के जीवन दर्शन एवं उनके युद्ध कौशल एवं शासन प्रबंध के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि राणा सांगा केवल महान योद्धा थे बल्कि उन्होने आक्रमणकारियों से पूरी शक्ति के साथ वीरता से पूर्ण युद्ध किया था। वह दूरदर्शी राजा भी थे। वरिष्ठ समाजसेवी जानकार शिक्षक राकेश सिंह ठाकुर(बंटी) उन्होने बताया कि राणा सांगा जिनके नेतृत्व में कई राजपूत राज्यों ने एकजुट होकर विदेशियों से युद्ध किया। वह अपने दादा राणा कुंभा की तरह दृण निश्चयी योद्धा थे। ऐसा कहा जाता है कि अपनी एक भुजा, एक आंख और कई अन्य गंभीर चोटों के बाबजूद उन्होने अपने दुश्मनों से लड़ना जारी रखा। जब उन्होने मांडू के राज्य को बहाल किया, मांडू के सुल्तान महमूद को हराने और उसे बंदी बनाने के बाद उन्होने उसके और उसके राज्य के साथ उददारता और वीरता से पेश आए। इस समिति के पूर्व अध्यक्ष अमित सिंह पटेल भिलाड़िया ने बताया कि राणा सांगा ने अपने जीवन काल में दिल्ली, मालवा और गुजरात के शासकों से कई बार युद्ध किया और उन्हे विभिन्न मामलों में पराजित भी किया। बाबर द्वारा इब्राहिम लोधी की हत्या के बाद दिल्ली में सत्ता का ह्रास हुआ और वह उत्तर भारत के सबसे शक्ति शाली हिन्दू राजा के रूप में उभरे। समिति के अध्यक्ष जगदीश सिंह ठाकुर ने बताया कि राणा सांगा ने एक शक्ति शाली राजपूत योद्धाओं में उनकी गिनती हो रही है। आज हमको नमन के साथ श्रद्धाजली अर्पित करते हैं। इस कार्यक्रम में पूर्व सेवानिवृत शिक्षक किशोर सिंह ठाकुर, भाई साहब ठाकुर, पूर्व जनपद सदस्य राकेश सिंह ठाकुर, शिक्षक बृजेश पटेल, भगवान सिंह ठाकुर, रामजी पटेल, सूरज ठाकुर, राममोहन शर्मा बासखेड़ा के साथ अन्य समिति के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## कुबेरेश्वरधाम में दो क्विंटल से अधिक शीतल पेय का वितरण

**सीहोर।** इस साल भी जिला मुख्यालय के समीपस्थ कुबेरेश्वरधाम पर विठलेश सेवा समिति के तत्वाधान में सेवा का कार्य निरंतर किया जा रहा है। गर्मी को देखते हुए यहां पर हर रोज हजारों श्रद्धालुओं के लिए निशुल्क भोजन प्रसादी का वितरण किया जा रहा है। वहीं सुबह दस बजे से शाम चार बजे तक शीतल पेय का वितरण भी किया जा रहा है। रविवार को वैशाख माह का शुभारंभ हुआ है। इस मौके पर शाम को बाबा की आरती की गई। जिला मुख्यालय के समीपस्थ चितावलिया हेमा स्थित निर्माणाधीन मुरली मनोहर एवं कुबेरेश्वर महादेव मंदिर में पंडित प्रदीप मिश्रा के आदेशानुसार यहां पर आने वाले श्रद्धालुओं को प्रतिदिन निशुल्क रूप से भोजन प्रसादी के अलावा शीतल पेय का वितरण किया जा रहा है। रविवार को दोपहर गन्ने का रस के अलावा दो क्विंटल से अधिक गुलाब से बने शीतल पेय का वितरण किया गया था। हर साल की तरह गर्मी के दिनों में दोपहर को यहां पर आने वाले श्रद्धालु के लिए शीतल पेय का वितरण किया जाता है। इस मौके पर समिति की ओर से पंडित विनय मिश्रा, समीर शुक्ला, जितेन्द्र तिवारी, सौभाग्य मिश्रा, रविन्द्र नायक, मनोज दीक्षित मामा, बृजेश पाराशर, भूपेन्द्र शर्मा, बंटी परिहार आदि मौजूद रहे।